Need to establish a Kendriya Vidyalaya in Latehar district, Jharkhand ? laid

श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा): संसदीय क्षेत्र चतरा अत्यन्त पिछड़ा और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र (LWE) है। लातेहार जिला अन्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह अत्यन्त नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। इस प्रखण्ड में शिक्षा का घोर अभाव है। आर्थिक पिछडेपन, अशिक्षा, नक्सलियों का दंश क्षेत्र को अंधकार की ओर ले जा रहा हैं। मण्डल रेल प्रबंधक, धनबाद द्वारा लातेहार जिला अन्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह में केन्द्रीय विद्यालय खोलने का प्रस्ताव केन्द्रीय विद्यालय संगठन को भेजा जा चुका हैं। रेल मंत्रालय द्वारा इसके लिए जमीन भी प्रदान कर दी गई है। अब मामला मानव संसाधन विकास मंत्रालय के पास विचाराधीन है। इस प्रखण्ड में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना होती है तो महुआडॉड, गारू, भंडरीया, गढ़वा एवं छिपादोहर आदि प्रखण्डों के पिछड़े क्षेत्र के बाल - बालिकाओं को अच्छी शिक्षा प्राप्त हो सकेगी और समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सकेगा। अतः मेरा मानव संसाधन विकास मंत्री जी से आग्रह है कि लातेहार जिला के बरवाडीह प्रखण्ड में केन्द्रीय विद्यालय खोलने की दिशा में शीघ्र अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित की जायें।